<u>प्रेस नोट</u>

दिनांक-14-07-2021

- **सैनिक सम्मेलन कर कर्मचारियों की सुनी समस्यांए एवं उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये निर्देश**
- **मासिक अपराध समीक्षा बैठक (क्राइम मीटिंग) आहुत कर अधिनस्थो को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

आज दिं0 14-07-2021 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी श्री शिवहरी मीणा महोदय द्वारा पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहुत की गयी। महोदय द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित सैनिक सम्मेलन में कर्मचारियो की समस्याओं को सुना गया एवं उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में अधीनस्थो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद (ईद-अल-अजहा), श्रावण मास, कावड़ यात्रा आदि को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहारो में आवश्यक पुलिस प्रबंध करना सुनश्चित करेंगे।

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान प्रत्येक बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए तथा अभियोगो में वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी सुनश्चित की जाये। अवैध कारोबारो में लिप्त अपराधियो के विरूद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाये।

सभी थाना प्रभारी प्रत्येक छोटी से छोटी सूचनाओं पर तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका विधिक निस्तारण करना सुनश्चित करेंगे। क्षेत्र में सोशल मीडिया व्हाट्सएप फेसबुक आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए वायरल वीडियो आदि अफवाहो का तत्काल खण्डन करना सुनश्चित करेंगे तथा सही तथ्यों से अवगत करायेगे। सभी सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय मर्यादित भाषा का प्रयोग करें । थाने पर आने वाले आगंतुको/फरियादियों की समस्याओं को शालीनता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण करना सुनश्चित करें। थाने पर आगन्तुक/फरियादियों हेतु पानी आदि का समुचित प्रबंध करना सुनश्चित करें। सभी अपने अधीनस्थ कर्मियों से अच्छा व्यवहार करे एवं उनकी समस्याओं को निस्तारण करने का प्रयत्न करें।

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर श्री विवेक त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, जेल अधीक्षक, जीआरपी, फायर सर्विस, आरटीओ आदि विभागो के अधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी, पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं के प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

देर शाम अपराध समीक्षा बैठक की समाप्ति के उपरान्त अपने आवास को लौट रहे श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शिवहरी मीणा महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय के बाहर रास्ते पर खड़ी महिलाओं को देखकर गाड़ी को रुकवाया एवं उतरकर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके विधिक निस्तारण हेतु तत्काल प्रभारी निरीक्षक सीपरी बाजार को निर्देशित किया।